राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

सादर प्रकाशनार्थ :-

जयपुर, 25 नवम्बर। राजस्थान प्रदेश में चार जिलों के आगामी पंचायत राज चुनाव की तैयारी हेतु राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा ने आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, जयपुर पर श्रीगंगानगर, करौली, बारां एवं कोटा के जिला प्रभारी पदाधिकारियों की बैठक ली। बैठक में जिलों के प्रभारी मंत्री भी उपस्थित रहे।

बैठक में निर्णय लिया गया है कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा चारों जिलों की सभी पंचायत समितियों में एक-एक पर्यवेक्षक नियुक्त किया जाएगा जो कि प्रभारी पदाधिकारी के साथ अपने प्रभार वाले जिले में विधायक, विधायक प्रत्याशी, जिला प्रमुख, पंचायत राज प्रतिनिधि तथा अन्य वरिष्ठ नेताओं एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मिल कर लोकप्रिय प्रत्याशी के चयन हेतु प्रदेश कांग्रेस कमेटी को फीडबैक प्रदान करेंगे। इसके साथ ही प्रभारी मंत्रियों से भी चर्चा कर प्रत्याशियों के संबंध में फीडबैक प्राप्त किया जाएगा। बैठक में चर्चा करते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार द्वारा जनहित में लगातार निर्णय लिए जा रहे है जनता की सेवा हेतु कांग्रेस सरकार ने महत्वपूर्ण फ्लैगशिप योजनाएं लागू की है जिससे समाज के सभी वर्गों को राहत मिली है। उन्होंने कहा कि सरकार और संगठन के समन्वय से सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार की गलत आर्थिक नीतियों के कारण बढ़ती महँगाई एवं किसानों के विरूद्ध केन्द्र सरकार द्वारा पारित तीनों काले कृषि कानूनों के खिलाफ कांग्रेस पार्टी द्वारा आमजन को साथ लेकर लगातार संघर्ष किया गया है जिसके परिणामस्वरूप जनता का विश्वास कांग्रेस के प्रति बढ़ा है एवं कांग्रेस पार्टी अपना जनाधार लगातार बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश से जीते हुए 25 सांसदों की निष्क्रियता के परिणाम स्वरूप केन्द्र सरकार से राज्य को एक भी योजना अथवा आर्थिक सहायता प्राप्त नहीं हुई जिसे राजस्थान की जनता ने देख रही है। उन्होंने कहा कि चारों जिलों में होने वाले आगामी पंचायती राज चुनावों में कांग्रेस पार्टी भारी मतों के साथ विजय प्राप्त करेगी।

बैठक में मंत्री श्री टीकाराम जूली, श्री अशोक चांदना, प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष डॉ. जितेन्द्र सिंह, श्री हरिमोहन शर्मा, श्री राजेन्द्र चौधरी, श्रीमती नसीम अख्तर इंसाफ, महासचिव श्री जी. आर. खटाना, सचिव श्री जिया उर रहमान, श्री ललित यादव उपस्थित रहे।

- - - -

Created by Universal Document Converter